फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री रमेशसिंह पिता हरिसिंह रावत निवासी–नया बाड़िया (आडावाला) बल्ली जस्साखेड़ा तहसील भीम जिला राजसमन्द — **अपीलार्थी**

बनाम

1. लोक सेवा गारण्टी प्रथम अपीलीय अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी भीम
2. पदाभिहित अधिकारी तहसीलदार भीम — **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 02/2023**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 07.08.2023 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा लोक सेवाओ गारण्टी अधिनियम, 2011 के अंतर्गत वांछित सूचना पदाभिहित अधिकरी तहसीलदार भीम एवं लोक सेवा गारण्टी प्रथम अपीलीय अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित द्वितीय अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर पदाभिहित अधिकरी तहसीलदार भीम एवं लोक सेवा गारण्टी प्रथम अपीलीय अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया । पदाभिहित अधिकरी तहसीलदार भीम से जरिये क्रमांक भू.अ./लो. से.गा.अ./2023/826–29 दिनांक 22.06.2023 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना बिन्दु संख्या 1 की सूचना पटवारी बली से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार ग्राम बली की लट्ठा एवं मोमिया शीट उपलब्ध नहीं होने से सूचना दिया जाना संभव नहीं है बिन्दु संख्या 2 की सूचना ग्राम बली के हाल खसरा नम्बर 5907/277 जिसके पूर्व खसरा नम्बर (5957/277) के आंवटन के नामान्तरण संख्सा 362 एवं हाल खसरा नम्बर 7005/277 के लीज के नामान्तरण संख्या 1620 की प्रमाणित प्रति मय दस्तावेज तैयार की है बिन्दु संख्या 3 की सूचना ग्राम बली के खसरा नम्बर 277 की जमाबन्दी संवत् 2035 से 2074 तक सभी चौसाला जमाबन्दी की प्रमाणित प्रति तैयार की है। बिन्दु संख्या 4 में खसरा नम्बर 277 की भूमि सभी नामान्तरणकरणोंकी प्रमाणित प्रति तैयार की है बिन्दु संख्या 5 की सूचना बिन्दु संख्या 2 के अनुसार नामान्तरण	न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)

संख्या 1620 की नकल तैयार की है बिन्दु संख्या 6 की सूचना डिमार्केशन सम्बन्धी दस्तावेज खनन विभाग आमेट से प्राप्त किया जाना अपेक्षित है। बिन्दु संख्या 7 की सूचना खसरा नम्बर 7005/277 में प्रशासन द्वारा कब्जा हटाने की कोई कार्यवाही नही की गई है। बिन्दु संख्या 8 की सूचना खसरा नम्बर 5907/277 व 7005/277 की भूमि का तरमीमशुदा वर्तमान नक्शा तैयार किया है। वर्तमान नक्शा तरमीमशुदा होकर तरमीम से पूर्व का नक्शा उपलब्ध कराया जाना संभव नहीं है इस प्रकार बिन्दु सं0 1 से 8 तक की सूचना तैयार कर जरिये रजिस्टर्ड डाक से अपीलार्थी को उपलब्ध कराई गई। लोक सेवा गारण्टी प्रथम अपीलीय अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से जरिये क्रमांक लो.से.गां.अ. प्रा./2023/474–76 दिनांक 26.06.2023 अनुसार पदाभिहित अधिकारी तहसीलदार भीम के पत्रांक भू.अ./लो.से.गा.अ./2023/826–29 दिनांक 22.06.2023 द्वारा अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना उपलब्ध करवा दी गई।

लोक सेवा गारण्टी प्रथम अपीलीय अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम एवं पदाभिहित अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत द्वितीय अपील का अवलोकन किया गया। लोक सेवा गारण्टी प्रथम अपीलीय अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम एवं पदाभिहित अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक से उपलब्ध करा दी जाने से उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर खारिज किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सेवा गारण्टी प्रथम अपीलीय अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम एवं पदाभिहित अधिकारी तहसीलदार भीम को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)